**अति महत्वपूर्ण**

**सं.ई-25013/2/2016-हिंदी/** 254

**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग**

**केंद्रीय जल आयोग**

**हिंदी अनुभाग**

901 (द.) सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
दिनांकः 04 जुलाई, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा चलाई जा रही टिप्पण/आलेखन नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2022 - 2023 मे संशोधन के संबंध मे।**

केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों मे राजभाषा विभाग द्वारा चलाई जा रही टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता लागू की गई है जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान 20,000 शब्द मूल रूप से हिन्दी मे लिखने वाले 10 कार्मिकों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

हिन्दी अनुभाग द्वारा किए गए निरीक्षणों के दौरान यह पाया गया है कि अधिकांश निदेशालयों/अनुभागों में बहुकार्य निष्पादक (एमटीएस) भी फाईलों पर हिन्दी में सराहनीय कार्य कर रहे है तथा उन्होने भी इस योजना मे भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। इसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि **वर्ष 2022-2023 से केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों मे राजभाषा विभाग द्वारा चलाई जा रही टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता में बहुकार्य निष्पादक सहित सभी श्रेणियों के अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं, जो सरकारी काम पूर्णतः या कुछ हद तक मूल रूप से हिन्दी में करते है।**

**इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

4/7/2023
(रजिन्दर पाल)
उप निदेशक (रा.भा.)
बीपीएल: 3720

**सभी समन्वय/निदेशालय/अनुभाग, केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय), नई दिल्ली।**

**मुख्य अभियंता (सभी क्षेत्रीय कार्यालय)** को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों मे परिचालित करवाया जाए।